आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ ...

● वर्ष- 15 अंक-106 ● जबलपुर ● मंगलवार, 18 मई, 2021 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● वैशाख शुक्ल पक्ष -7 ● विक्रम संवत् 2078 शके 1935

## आज सस्ता हुआ सोना वायदा चांदी में उछाल



**नई दिल्ली।** पिछले दो कारोबारी सत्रों में 1100 रुपये महंगा होने के बाद आज भारतीय बाजारों में सोने की वायदा कीमत में गिरावट आई। एमसीएक्स पर सोना वायदा 0.08 फीसदी गिरकर 48,437 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया, जबकि चांदी वायदा 0.9 फीसदी बढ़कर 73960 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई। पिछले सत्र में सोना 1.6 फीसदी यानी 800 रुपये महंगा हुआ था।

## बदरीनाथ धाम के कपाट खुले



**रुद्रप्रयाग।** उत्तराखंड में चार धाम के कपाट खुलने का सिलसिला जारी है। गंगोत्री और यमुनोत्री के बाद सोमवार तड़के केदारनाथ धाम के कपाट भी खोल दिए गए और मंगलवार सुबह बदरीनाथ धाम में कपाट भी खुल गए। इससे पहले तेल कलश यात्रा के साथ ही शंकराचार्य की गद्दी और कुबेर व उद्धव की डोली बदरीनाथ धाम पहुंची। मंगलवार को ब्रह्मामुहूर्त में धाम के कपाट खोल दिए गए।

# नकली इंजेक्शन ऐसे पहुंचे सिटी अस्पताल

## नकली इंजेक्शन कांड की इन साइड स्टोरी

यशभारत विशेष खबर

**जबलपुर। नकली इंजेक्शन का कारोबार किस तरह से करना है, कैसे पैसे पहुंचना और कहां से इंजेक्शनों को लेकर अस्पतालों तक पहुंचाना है। इसकी मूवी बहुतपहले ही तैयार कर ली गई थी। उसी मूवी के हिसाब से कलाकार अपना काम करतेगए और जिस तरह से एक मूवी चलती है उस तरह से कारनामे उजागर होते हैं ,उसी तरहसे नकली इंजेक्शन प्रकरण में हुआ है।**




एक सोची समझी स्क्रिप्ट के तहत देवेश चौरसिया ,जो सिटी हॉस्पिटल मेंदवाई दुकान का मैनेजर था । जिसका परिचय साई मेडिकल विजय नगर से थाजहां वह 30 रेमिडिसिवर इंजेक्शन सरकारी आवंटन के लेने गया था। वहां परउसे साई मेडिकल विजय नगर ने बताया कि इंडिया मार्ट एफ पर रेमिडिसिवरइंजेक्शन के लिए मोबाइल नंबर आ रहे हैं ,जिसकी जानकारी देवेश ने सिटीहॉस्पिटल के संचालक मोखा को दी । देवेश से जानकारी लेकर सपन जैन भगवतीफार्मा को दी कि यहां से बात कर वह इंजेक्शन मंगाकर दे । सिटी हॉस्पिटल के संचालक मोखा ने अपने हॉस्पिटल की दवाई दुकान के मैनेजरदेवेश पर इंजेक्शन मंगाने का दबाव बनाया कि किसी भी हाल में रेमडेसिविरइंजेक् शन चाहिए। उन्हें जबलपुर किसी भी तरह किसी भी प्रकार से बुलाया जाए, तब जाकर हवालाके पैसे सप्लायर को दिए गए और इंजेक् शन जबलपुर आ गए। पैसा उठा करसप्लायर को दिलाने का काम के लिए मोखा ने कोहली का उपयोग किया ,जो इस सबसे अनजान था कि उसके नगद से नकली इंजेक्शन कि डील की जा रही है । इंजेक्शन आने के बाद 23 तारीख को इंजेक्शन आ गए और उसी दिन से लगना भीशुरू हो गए।

## क्विक अपडेट



## कंगना निगेटिव बोलीं- नहीं बताऊंगी ठीक होने का सीक्रेट

**देहरादून ।** अभिनेत्री कंगना रणौत ने मंगलवार को बताया कि वह कोरोना वायरस संक्रमण से मुक्त हो गई हैं। कंगना आठ मई को संक्रमित पाई गई थीं और घर में ही पृथकवास में रह रही थीं। अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम पर यह जानकारी साझा करते हुए लिखा, ''सभी को नमस्ते, आप सभी के प्रेम और शुभेच्छाओं से मैं अब संक्रमण मुक्त हो गई हूं। मैंने वायरस को कैसे हराया इस बारे में बहुत कुछ कहना चाहती हूं लेकिन मुझे कोविड फैन क्लब्स को आहत न करने के लिए कहा गया है। हां वायरस के लिए जरा भी अनादर दिखाओ तो वाकई में कुछ लोग ऐसे हैं जो आहत हो जाते हैं। खैर, आपके प्यार और शुभकामनाओं के लिए शुक्रिया।''




# जहाज डूबा

## ताउते का तांडवः मुंबई से 175 किमी दूर हादसा

# 146 की बचाई जान, 130 लोग लापता

**नई दिल्ली।** भारतीय नौसेना ने अरब सागर में आए चक्रवाती तूफान 'ताउते' के कारण समुद्र में अनियंत्रित होकर बहे एक बजरे पर सवार 146 लोगों को बचा लिया है और बाकियों की तलाश अभी जारी है। एक अधिकारी ने बताया कि नौसेना ने बचाव कार्य के लिए मंगलवार सुबह पी-81 को तैनात किया था। यह खोज एवं बचाव कार्यों के लिए नौसेना का एक बहुमिशन समुद्री गश्ती विमान है। इससे पहले, सोमवार को निर्माण कंपनी 'एफकान्स' के बंबई हाई तेल क्षेत्र में अपतटीय उत्खनन के लिए तैनात दो बजरे लंगर से खिसक गए और वे समुद्र में अनियंत्रित होकर बहने लगे थे, जिसकी जानकारी मिलने के बाद नौसेना ने तीन फ्रंटलाइन युद्धपोत तैनात किए थे। इन दो बजरे पर 410 लोग सवार थे। इन दो बजरे की मदद के लिए आईएनएस कोलकाता, आईएनएस कोच्चि और आईएनएस तलवार को तैनात किया गया था। नौसेना के एक प्रवक्ता ने मंगलवार सुबह कहा, '' समुद्र में बजरे पी305 से बेहद चुनौतीपूर्ण स्थिति में कुल 146 लोगों को बचाया गया है।' उन्होंने बताया कि अन्य लोगों को बचाने के लिए खोज एवं बचाव (एसएआर) अभियान पूरी रात जारी था। उन्होंने कहा, '' वहीं, एक



अन्य घटना में आईएनएस कोलकाता ने पोत वर प्रभा के 'लाइफ राफ्ट' से भी दो लोगों को बचाया और पी305 के चालक दल के सदस्यों को बचाने के लिए आइएनएस कोच्चि के साथ खोज एवं बचाव कार्य में जुट गया।'' मौसम विभाग ने जानकारी दी कि गुजरात तट से टकराने के बाद ताउते तूफान अब कमजोर पड़ गया है। वहीं गुजरात में दो लाख से ज्यादा लोगों को सुरक्षित स्थानों पर भेजा जा चुका है। ताउते से महाराष्ट्र में छह लोगों की मौत हो गई है।

### गुजरात में तीन की मौत, हजारों पेड़ गिरे

भीषण चक्रवाती तूफान ताउते सोमवार रात में गुजरात के सौराष्ट्र तट से टकराया और इस दौरान हवा 185 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से चली। इससे पहले, चक्रवात के कारण मुंबई में भारी वर्षा हुई और गुजरात में दो लाख से अधिक लोगों को निकालकर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाना पड़ा। इधर गृह मंत्री अमित शाह ने राजस्थान, गुजरात और महाराष्ट्र के मुख्यमंत्रियों से बात की और स्थिति का जायजा लिया। गुजरात के मुख्यमंत्री विजय रूपाणी ने कहा कि राज्य में चक्रवात ताउते की वजह से अबतक तीन लोगों की मौत हो गई है और करीब 40,000 पेड़ गिर गए हैं। वहीं 16,500 झोपड़ियों पर असर पड़ा है।

## मुंबई के युवक ने हैक की टीकाकरण की साइट



**इंदौर।** वैक्सीन के लिए आनलाइन स्लाट बुक करने वाली साइट मुंबई के एथिकल हैकर सत्यम गोयल ने हैक की है। साइट ओपन होने के पहले ही उसे टेलीग्राम व वाट्सएप ग्रुप के माध्यम से जानकारी मिल जाती है। यह दावा साइबर ला एक्सपर्ट और कानून के छात्र आयुष तिवारी ने किया है। उन्होंने आइजी हरिनारायणाचारी मिश्र को हैकर की पूरी जानकारी भी दी है। आइजी ने साइबर एक्सपर्ट को डाटा दे दिया है। आयुष के मुताबिक, वे पिछले दिनों विजय नगर स्थित जोन-सात पर गए थे। यहां आठ युवक कोविन-ट्रैकर ग्रुप से जुड़े हुए थे जो पहले कोविड-19 के नाम से था। युवकों ने बताया कि इस ग्रुप से आम लोगों से पहले इस बात का पता चल जाता है कि वैक्सीन कब आने वाली है और कितने स्लाट्स खाली हैं। आयुष ने जानकारी जुटाई तो पता चला हैकर मुंबई का सत्यम गोयल है। उसने इंदौर, भोपाल, चंडीगढ़ सहित विभिन्न शहरों के ग्रुप बना रखे हैं। आइजी के मुताबिक आयुष द्वारा सौंपा डाटा साइबर एक्सपर्ट को दे दिया है।

## आपका जिला जीतेगा तो हमारा देश भी जीतेगा

**नई दिल्ली ।** प्रधानमंत्री मोदी ने आठ राज्यों और दो केंद्र शासित प्रदेशों के 46 जिलाधिकारियों से सीधा संवाद किया। पीएम मोदी ने कहा कि महामारी के दौरान कई अधिकारी कई दिनों से अपने घर नहीं जा पाए हैं। पीएम मोदी ने जिलाधिकारियों से बात करते हुए कहा कि अगर आपका जिला जीतेगी तो हमारा देश भी जीतेगा। पीएम मोदी ने आगे कहा कि कालाबाजारी पर सख्ती करना जरूरी है। आपके जिले में अस्पतालों में कितने बेड खाली हैं और कहां खाली हैं, इसकी एक डिटेल सूचना जारी की जानी चाहिए। देश में कोविड की स्थिति का जायजा लेने के लिए प्रधानमंत्री मोदी राज्यों के मुख्यमंत्रियों और अधिकारियों के साथ बैठक कर रहे हैं। इसमें राज्यों और जिलों में कोविड की स्थिति पर चर्चा हो रही है। इस बैठक में गृह मंत्री अमित शाह और मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान भी शामिल हैं। इसके अलावा कर्नाटक, बिहार, असम, चंडीगढ़, तमिलनाडु, उत्तराखंड, मध्यप्रदेश, गोवा, हिमाचल प्रदेश और दिल्ली के अधिकारी हिस्सा ले रहे हैं।

### पीएम की कलेक्टर्स मीट शिवराज भी हुए शामिल




## मुंह में ऑक्सीजन लगाकर करते रहे मरीजों की मदद, लेकिन खुद हार गए कोरोना से जिंदगी की जंग



**नई दिल्ली।** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के पूर्व निदेशक और हार्ट केयर फाउंडेशन के प्रमुख एवं पद्मश्री डॉ. केके अग्रवाल का सोमवार देर रात कोरोना संक्रमण के चलते निधन हो गया। वे पिछले कई दिन से एम्स के ट्रामा सेंटर में भर्ती थे। तीन दिन पहले ही तबीयत बिगड़ने के चलते उन्हें वेंटिलेटर सपोर्ट पर रखा गया था। देश के जाने माने हृदय रोग विशेषज्ञ और सर्जन केके अग्रवाल का सोमवार रात 11.30 बजे निधन हो गया, लेकिन उन्होंने जीवन के अंतिम दिनों में भी चिकित्सक होने का कर्तव्य नहीं छोड़ा। उनकी जीवटता और मरीजों के प्रति उनके फर्ज को आप इस तरह समझ सकते हैं कि कोरोना पॉजिटिव हो जाने के बाद भी वो ऑनलाइन मरीजों की परेशानियां सुलझाते रहे। अस्पताल में भर्ती होने के बाद उनके मुंह पर ऑक्सीजन पाइप लगी हुई थी बावजूद वे मरीजों को सलाह देते रहे। अग्रवाल को साल 2010 में पद्मश्री से सम्मानित किया गया था।

## वैक्सीन लगवाने के बाद ये लक्षण हैं खतरे का संकेत, सरकार ने जारी की एडवाइजरी



**नई दिल्ली।** कई अन्य देशों की तरह अब भारत में भी कोविशील्ड वैक्सीन लेने के बाद रक्त स्राव और खून के थक्के जमने की घटनाएं सामने आई हैं। वैक्सीन के प्रतिकूल प्रभावों को लेकर गठित राष्ट्रीय समिति ने भी इसकी पुष्टि कर दी है। अब स्वास्थ्य मंत्रालय ने हेल्थकेयर वर्कर्स और वैक्सीन लेने वालों के लिए वैक्सीन के साइड-इफेक्ट को लेकर एक एडवाइजरी जारी की है। एडवाइजरी में लोगों से अपील की गई है कि वे टीका लेने के 20 दिन के भीतर ब्लड क्लॉट्स यानी खून के थक्के जमने के लक्षणों की पहचान करें और अगर कोई गंभीर लक्षण दिखता है तो टीकाकरण केंद्र पर जाकर उसकी रिपोर्ट करें। एडवाइजरी के मुताबिक, कोई भी वैक्सीन लेने के बाद अगर आपको शरीर में सूजन, छाती में दर्द, बिना उल्टी के पेट दर्द, तेज सिर दर्द और सांस लेने में तकलीफ जैसे गंभीर लक्षण दिखें, तो टीकाकरण केंद्र पर जाकर उसकी रिपोर्ट जरूर करें। इंजेक्शन लगने वाली जगह के अलावा शरीर के किसी भी हिस्से पर लाल रंग के धब्बे नजर आ रहे हैं तो भी सतर्क हो जाइए।

## बंगाल में जारी बवाल

## मित्रा और चटर्जी के बाद अब मुखर्जी हुए बीमार

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में नारदा मामले में गिरफ्तार किए गए तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) विधायक मदन मित्रा और पूर्व मंत्री सोवन चटर्जी के बाद सोमवार सुबह मंत्री सुब्रत मुखर्जी की भी तबीयत बिगड़ गई। उन्हें एसएसकेएम अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बता दें कि मदन मित्रा और सोवन चटर्जी की देर रात हालत बिगड़ गई थी, जिसके बाद दोनों नेताओं को प्रेसिडेंसी जेल से देर रात एसएसकेएम अस्पताल के वुडबर्न ब्लॉक में शिफ्ट किया गया।




सीबीआई ने नारदा मामले में सोमवार को तृणमूल कांग्रेस के चार नेताओं फिरहाद हकीम, सुब्रत मुखर्जी, विधायक मदन मित्रा, पूर्व टीएमसी नेता एवं कोलकाता के पूर्व महापौर सोवन चटर्जी गिरफ्तरी किया था। टीएमसी नेताओं की गिरफ्तारी से मुख्यमंत्री ममता बनर्जी बेहद नाराज हो गईं।उन्होंने सीबीआई दफ्तर पहुंचकर अफसरों से कहा कि आप बिना नोटिस मंत्रियों और विधायक को गिरफ्तार नहीं कर सकते हैं, अगर ऐसा करते हैं, तो आप मुझे भी गिरफ्तार कीजिए। अफसरों ने विरोध को नजरअंदाज करते हुए मंत्रियों को हाईकोर्ट में पेश कर दिया।

## केसों में राहत पर मौतों के आंकड़े ने पैदा की दहशत



**नई दिल्ली।** देश कोरोना महामारी की दूसरी लहर का प्रकोप जारी है। देश में जहां एक ओर नए मरीजों की संख्या में गिरावट दर्ज की जा रही है। वहीं दूसरी ओर कोरोना से होने वाली मौतों के आंकड़े ने दहशत पैदा कर दी है। देश में कोरोना महामारी के दस्तक देने के बाद से आज यानी मंगलवार को पहली बार 4,329 मरीजों की मौत हुई है। वहीं बीते 24 घंटे 2,63,533 नए कोरोना मरीज मिले हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय ने मंगलवार को इसकी जानकारी दी। स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से मंगलवार को जारी ताजा आंकड़ों के मुताबिक, देश में लगातार दूसरे दिन तीन लाख से कम कोरोना मरीज मिले हैं। बीते 24 घंटों में 2,63,533 नए कोरोना मरीज मिले हैं। इसके साथ ही देश में कुल संक्रमित मरीजों की संख्या बढ़कर 2,52,28,996 पहुंच गई है।पिछले 28 दिन में सामने आए यह सबसे कम मामले हैं। इससे पहले 20 अप्रैल को 24 घंटे में 2,59,170 मामले सामने आए थे।

# क्या वाकई घट रहा कोरोना का कहर?

**देश में कोरोना का कहर कम हो रहा है। लगातार दूसरे दिन नए संक्रमितों की संख्या 3 लाख से नीचे रही। इन सरकारी आंकड़ों ने राहत तो दी है, लेकिन रोजाना चार हजार से ज्यादा मौतें इस पर लीपापोती कर रही हैं। आईसीएमआर देशभर में औसतन 17 लाख जांच का दावा कर रहा है, लेकिन यह स्पष्ट नहीं है कि जांच का तरीका कौन-सा (आरटी-पीसीआर, एंटीजन रैपिड टेस्ट और सीटी स्कैन) है? अहम बात यह है कि सरकारी आंकड़ा ज्यादातर शहरी इलाकों का है। इसके इतर गांवों में स्थिति काफी बदहाल है। वहां न तो जांच केंद्र बने हैं और न ही टीकाकरण की कोई सुविधा नहीं है। क्या इतनी बदहाली के बावजूद कोरोना का कहर खुद-ब-खुद कम हो रहा है? क्या है देश के अलग-अलग इलाकों के हालात, जानते हैं इस ग्राउंड रिपोर्ट में...**

## केंद्र व राज्य सरकारें कोरोना की दूसरी पीक गुजर जाने का दावा कर रही

## शहरों का डाटा तो मौजूद, लेकिन गांवों का कोई आंकड़ा नहीं

**नई दिल्ली।**

बिहार की राजधानी पटना के दो गांव नेमा और पोथाही कोरोना से लड़ने के लिए अब तक तैयार नहीं हैं। यहां न तो कोरोना जांच की सहूलियत उपलब्ध है और न ही गांव वालों को टीकाकरण के बारे में कोई भी जानकारी है। गांव के लोगों का कहना है कि यहां लोगों की जुबां पर कोरोना का नाम तो है, लेकिन उससे निपटने-जूझने और बचने का तरीका बताने-समझाने का वाला कोई नहीं है। जब राजधानी पटना के गांवों नेमा और पोथाही का ऐसा हाल है तो बाकी जिलों के गांवों के हालात का अंदाजा खुद-ब-खुद लगाया जा सकता है।

### 900 की आबादी, सैंपल सिर्फ 25 का...

यूपी के कई गांवों में कोरोना जांच का तरीका एकदम अलहदा है। आजमगढ़, जौनपुर, बनारस, सुल्तानपुर और प्रतापगढ़ समेत कई जिलों के गांवों में कोरोना जांच के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति हो रही है। जौनपुर के गांव खालिसपुर में करीब 900 लोग रहते हैं। ग्रामीण बताते हैं कि कोरोना की जांच करने के लिए डॉक्टर साहब आए तो 200 से ज्यादा लोगों ने उन्हें घेर लिया। हालांकि, डॉक्टर साहब के पास महज 25 लोगों की जांच के साधन ही मौजूद थे। वह महज 30 मिनट में अपने काम से फारिग हुए और सर्दी-जुकाम से जूझ रहे बाकी लोगों को उनकी हालत पर छोड़कर चले गए।

### सांसद का गांव भी बेहाल

केंद्रीय राज्य मंत्री जनरल वीके सिंह का गांव बापोड़ा है, जो हरियाणा के भिवानी जिले में आता है। यहां फिलहाल 30 लोग कोरोना संक्रमित हैं। पिछले 15 दिन के दौरान गांव के 25 से ज्यादा लोग अपनी जान गंवा चुके हैं, जिनमें चार लोगों की मौत कोरोना से होने की पुष्टि की गई।



### नदियों किनारे पड़े शव भी उठा रहे सवाल

गांवों के हालात देश में कोरोना को लेकर किए जा रहे फीलगुड के आंकड़ों की पोल खोल रहे हैं। इनके अलावा नदियों में लगातार मिल रहे शव भी सवाल उठा रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स पर गौर करें तो यूपी और बिहार में नदियों के आसपास अब तक दो हजार से ज्यादा ऐसे शव मिल चुके हैं, जिनका पोस्टमॉर्टम तक नहीं हुआ। अंतिम विदाई के नाम पर उन्हें नदियों के किनारे ही मिट्टी में दबा दिया गया। यह तक पता नहीं चल पाया कि उनकी मौत कोरोना से हुई या इसकी वजह भी कुछ और थी।

### 7 लाख जांच का सच?

आईसीएमआर ने दावा किया है कि वह देशभर में रोजाना 17 लाख से ज्यादा जांच कर रहा है। हालांकि, इसमें यह नहीं बताया गया है कि इन जांचों में आरटी-पीसीआर पर ज्यादा भरोसा किया जा रहा है या एंटीजन रैपिड टेस्ट पर। गौरतलब है कि आईसीएमआर ने कोरोना की पहली लहर के दौरान 70 फीसदी सैंपल की जांच आरटी-पीसीआर से करने के निर्देश दिए थे, लेकिन दूसरी लहर में एंटीजन टेस्ट बढ़ाने की गाइडलाइन जारी की।

### भोपाल से सटे गांवों में भी आ रहे नये संक्रमित

भोपाल शहर से लगे ग्रामीण क्षेत्रों में संक्रमण अब तेजी से बढ रहा है। इसके पीछे कारण यह है कि ये ग्रामीण अपनी छोटी-छोटी जरुरतों के लिए शहर आने पर मजबूर है। इतना ही नहीं आदमपुर छावनी और खजूरी सडक ऐसे दो गांव है जहां सबसे ज्यादा संक्रमित मरीज मिले है। 43 संक्रमित मरीज इसमें से 33 एक ही परिवार के लोग थे। इस परिवार में एक बुजुर्ग की मृत्यु होने के बाद से ही लगातार संक्रमित मरीज मिल रहे थे अब सबकी रिपोर्ट नेगेटिव आ चुकी है।

### सवालों के घेरे में एंटीजन टेस्ट की प्रमाणिकता

रैपिड एंटीजन टेस्ट (रैट) - इस जांच में कोरोना की रिपोर्ट तुरंत मिल जाती है, लेकिन इसकी प्रामाणिकता हमेशा सवालों में रही है। देश में सबसे प्रामाणिक आरटी पीसीआर कोरोना जांच में 10 में से 4 सैंपल संक्रमित मिलते हैं। वहीं, एंटीजन में सिर्फ एक ही पॉजिटिव मिल रहा है। बता दें कि एंटीजन टेस्ट में निगेटिव आने के बाद भी लोगों में कोरोना के हल्के लक्षण मिल रहे हैं। ऐसे में लोग संक्रमण को पुख्ता करने के लिए एक्स-रे और सीटी स्कैन भी करा रहे हैं।

### देश में ऐसा है कोरोना का हाल

बता दें कि सरकारी आंकड़ों के हिसाब से देश में कोरोना संक्रमण के मामले लगातार घट रहे हैं। ऐसे में केंद्र व राज्य सरकारें कोरोना की दूसरी पीक गुजर जाने का दावा कर रही हैं। हालांकि, विशेषज्ञ अब भी लापरवाही नहीं बरतने की सलाह दे रहे हैं। पिछले 24 घंटे के दौरान देश में 2.6 लाख नए संक्रमित मिले, जबकि 3719 लोगों ने अपनी जान गंवा दी। गौरतलब है कि यह लगातार दूसरा दिन है, जब देश में 3 लाख से कम नए मामले मिले हैं। इससे पहले रविवार (16 मई) को 2.81 लाख नए संक्रमित मिले थे और 4106 लोगों की मौत हुई थी।

यश भारत

# सिटी न्यूज

कटनी, मंगलवार, 18 मई 2021

आज की खबर अभी , आप रहें घर पर
सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर यशभारत
www.yashbharat.com
https://www.facebook.com/yashbharatnews/
YASHBHARAT-Epaper

# बिना मास्क घूमने वाले 1105 और बिना कारण घरों से निकलने वाले 248 लोगों से वसूला जुर्माना

**कोरोना संक्रमण रोकने मुस्तैदी से जुटा पुलिस का अमला, कोरोना कर्फ्यू के उल्लंघन पर स्लीमनाबाद पुलिस ने की 57 के विरुद्ध धारा 188 के तहत कार्यवाही**





**कटनी।** कोरोना संक्रमण काल में बचाव और रोकथाम के लिये शासन-प्रशासन द्वारा सतत रुप से कार्य किये जा रहे हैं। जिले में जनस्वास्थ्य की दिशा में चिकित्सीय संसाधनों को बढ़ाया जा रहा है। लोकसेवक चौबीसों घंटे किसी ना किसी रुप में अपनी सेवायें दे रहे हैं। लोक सेवकों का हौसला उससे बड़ा है। बुलंद हौसलों के साथ ऐसी ही जिम्मेदारी स्लीमनाबाद थाने के अमले द्वारा निभाई जा रही है। कोरोना संक्रमण को रोकने की दिशा में कोरोना कर्फ्यू का सख्ती से पालन हो, यह अत्यंत आवश्यक है। इसके लिये एसपी मयंक अवस्थी ने भी पूरे पुलिस महकमे को कड़ाई से पालन कराने के निर्देश दिये हैं। जिसे लेकर स्लीमनाबाद थाने द्वारा मुस्तैदी से काम किया जा रहा है। टीआई अजय बहादुर सिंह ने बताया कि सूचनाओं का संप्रेषण तेजी से हो सके, इसके लिये हमने कोरोना समाधान ग्रुप बनाया है। थाना क्षेत्र के सरपंच, सचिव, कोटवार एवं नागरिकों को जोड़ा गया है। किसी व्यक्ति के कोरोना से संक्रमित होने या अन्य कोई परेशानी होने पर सूचना प्राप्त होते ही थाने द्वारा हर संभव मदद की जा रही है। कोरोना कर्फ्यू का पालन कराते हुये अब तक स्लीमनाबाद थाने द्वारा 1105 लोगों पर चालानी कार्यवाही की गई है। इसी तरह बिना कारण घूमने वाले 248 लोगों के विरुद्ध मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है। कोरोना कर्फ्यू का उल्लंघन करने पर 57 व्यापारियों के विरुद्ध धारा 188 के तहत कार्यवाही भी की गई है।

### जनसेवा : 1500 को मास्क वितरण

जनसहयोग की दिशा में भी स्लीमनाबाद थाने ने मिसाल कायम की है। लॉकडाउन के दौरान गरीब बस्तियों में जाकर जनसहयोग से 1500 लोगों को मास्क का वितरण व बच्चों, महिलाओं को विटामिन सी की दवाओं का वितरण किया गया। गरीब एवं जरुरतमंद लगभग 50 लोगों को जनसहयोग से राशन का वितरण भी स्लीमनाबाद थाने की टीम ने किया है। कोरोना की इस संक्रामक बीमारी से थाने के जवानों को भी सुरक्षित रखने की दिशा में भी प्रयास किये गये हैं। टीम को मास्क, फेसशील्ड एवं सैनीटाईजर का वितरण किया गया। थाने की टीम के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुये भाप लेने की अस्थाई व्यवस्था भी थाने में बनाई गई। थाने में विशेष रुप से शिकायत दर्ज कराने आने वाले फरियादियों के लिये पृथक से व्यवस्था बनाई गई है। जिसके लिये एक शैड तैयार कराया गया है। ताकि वे अलग से बैठकर अपनी शिकायत दर्ज करा सकें और संक्रमण से भी उनका बचाव हो सके। वहीं फरियादियों के लिये हाथ धोने पानी, साबुन और सैनीटाईजर की व्यवस्था भी थाने में की गई है।



# कोरोना कर्फ्यू के उल्लंघन पर 6 दुकानों पर गाज

**कटनी।** जिले में कोविड-19 के संक्रमण के प्रसार को रोकने की दृष्टि से 24 मई की प्रातः 6 बजे तक कोरोना कर्फ्यू प्रभावशील है। इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी प्रियंक मिश्रा द्वारा प्रतिबंधात्मक आदेश भी जारी किया गया है। इस आदेश के उल्लंघन पर संबंधितों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही के निर्देश भी जारी किये गये हैं। इन्ही निर्देशों के परिपालन में विजयराघवगढ़ अनुविभाग अंतर्गत 6 दुकानें संचालित पाये जाने पर चालानी कार्यवाही की गई है। एसडीएम विजयराघवगढ़ प्रिया चन्द्रावत ने बताया कि सोमवार को क्षेत्र अंतर्गत 6 दुकाने संचालित पाये जाने पर पुलिस, राजस्व और निकाय की संयुक्त टीम द्वारा जुर्माने की कार्यवाही की गई है। इन दुकानों में श्याम बूट हाउस, जय मां शारदा ट्रेडर्स, केसरवानी किराना स्टोर, हिना जनरल स्टोर, लक्ष्मी किराना स्टोर, शिव प्रसाद किराना स्टोर के विरुद्ध चालानी कार्यवाही की गई है। जिसमें संबंधितों के विरुद्ध 2-2 हजार रुपये का जुर्माना अधिरोपित करते हुये 12 हजार रुपये की जुर्माना राशि भी वसूल की गई है।



# वेक्सीनेशन के लिए ग्रामीणों को जागरूक करेगा कोरोना रथ

**मानव जीवन विकास समिति की पहल**

**कटनी।** कलेक्ट्रेट से जिला पंचायत सीईओ जगदीशचंद्र गोमे व मानव जीवन विकास समिति सचिव निर्भय सिंह द्वारा हरी झंडी दिखाकर कोरोना जागरूकता रथ को रवाना किया गया। कोरोना जागरूकता रथ मझगवां होते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बड़वारा पहुंचकर डॉक्टर अनिल झामनानी से बातचीत करते हुए कार्यक्रम के बारे में बताया गया कि रथ बड़वारा ब्लॉक की 20 पंचायतों से ज्यादा में रथ चलेगा, जिससे गांव में अधिक से अधिक लोगो को जागरूक करने का काम किया जाएगा। रुटचार्ट के आधार पर वैक्सिनेशन सेंटर व अन्य गांव की ओर रथ रवाना हुआ। पठरा, बाह, बिजौरी होते हुए मझगवां तक रथ चलकर साउंड सिस्टम माईक से अलाउंस कर जागरूक किया गया। डॉक्टर ने बताया कि इस समय गांव में लोगों को वैक्सीन लगवाने के लिए जागरूक करना है। इस पर ज्यादा से ज्यादा फोकस किया जाए। रथ के माध्यम से लोगों को कोविड 19 से बचाव के उपाय एवं कोरोना वैक्सिनेशन के लिए गांव गांव जाकर जागरूक किया जा रहा है। लोगों को मास्क लगाने, सेनेटाइज करने, सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करने दो गज की दूरी बनाए रखने लोगो को समझाईश दी गई। कोरोना कर्फ्यू का पालन करें। घर में सुरक्षित रहें का संदेश दिया गया। कार्यक्रम का संचालन चंद्रपाल कुशवाहा और रामकिशोर चौधरी कर रहे है। विश्वास है हम जागरूकता रथ के माध्यम से अधिक से अधिक लोगों तक यह संदेश पहुँचा पाएंगे।

# आपदा में पुलिस की मानव सेवा

**घर-घर पहुंचा रहे अनाज, बरही पुलिस की सराहनीय पहल**

**बरही।** आपदा में पुलिस द्वारा की जा रही पुनीत सेवा का सराहनीय प्रयास रविवार से प्रारंभ हुआ, जो दूसरे दिन सोमवार को भी जारी रहा। बरही पुलिस एवं तहसीलदार बरही के संयुक्त प्रयास से जरूरतमंद गरीब परिवार के घर-घर अनाज एवं राशन सामग्री पहुचाने का सिलसिला जारी है, जिससे आपदा में गरीबो को सम्बल बढ़े। एसपी मयंक अवस्थी के मिशन सम्बल के तहत बरही थाना प्रभारी संदीप अयाची अपने पुलिस स्टाफके साथ राशन सामग्री का वितरण करने में जुटे हुए। इस कार्य मे तहसीलदार एस एन त्रिपाठी भी सतत सहयोग कर रहे है। सोमवार को बरही पुलिस द्वारा मेला ग्राउंड में बसे 15 मराठी परिवारों को राशन सामग्री वितरित करने के उपरांत सम्बल मिशन का काफिला अमरपुर मार्ग के पहाड़ी में बसे गरीबो की बस्ती पहुंचा, जहां करीब 25 जरूरतमंदों परिवारों को राशन सामग्री दी गई। इस अवसर पर दरोगा श्री रावत, प्रधान आरक्षक अजय पाठक सहयोग में जुटे रहे। राशन सामग्री वितरण के दौरान जरूरतमंदों को राशन सामग्री भेंट करते हुए टीआई संदीप अयाची गरीबो से यह भी कह रहे है कि आपदा काल मे समाज का हर तबका प्रभावित हुआ है, खासतौर पर गरीब परिवार जो हर दिन काम करते हुए अपने परिवार का भरण-पोषण कर रहा था, उसके सामने संकट है, इस मुसीबत के समय आप चिंता न करे, पुलिस आप के साथ है, हम मदद के लिए तैयार है।





# खलवारा में 100 जरूरतमंद लोगों को बांटा खाद्यान्न

**कटनी।** एसपी मयंक अवस्थी द्वारा जिले में कोरोना महामारी के चलते लंबे समय से लॉकडाउन को झेल रहे निर्धन एवं जरूरतमंद लोगों को घर तक निशुल्क खाद्यान्न सामग्री पहुंचाए जाने के लिए ऑपरेशन संबल शुरू कराया गया है। कटनी पुलिस की सामुदायिक सेवा की संबल योजना के अंतर्गत कैमोर टी.आई. अरविंद जैन ने रविवार को एसीसी ट्रस्ट कैमोर के साथ मिलकर खलवारा ग्राम में करीब 100 निर्धन एवं जरूरतमंद खलवारा ग्रामवासियों को खाद्य सामग्री निशुल्क वितरित की। उल्लेखनीय है कि खाद्यान्न सामग्री का वितरण सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुए विधिवत स्टॉल लगाकर ग्राम वासियों और निर्धनों को सम्मान देते हुए किया गया, जिसकी संपूर्ण क्षेत्र में सराहना की जा रही है। एसीसी प्लांट डायरेक्टर के आर रेड्डी के मार्गदर्शन व एचआर हेड एच पी सिंह के निर्देशन में एसीसी सीएसआर हेड एनेट विश्वास, एसीसी चीफसिक्योरिटी अधिकारी नीरज सिंह और एसीसी ट्रस्ट टीम के सदस्यों के साथ टीआई कैमोर अरविंद जैन, उपनिरीक्षक अनिल पांडे, प्रधान आरक्षक प्रेम शंकर पटेल, आरक्षक सनिल, अचल, शिव के द्वारा सराहनीय कार्य किया गया। इस दौरान एसीसी कैमोर के द्वारा इसी आयोजन के दौरान खलवारा गांव में सैनिटाइजेशन भी कराया गया और एक सामुदायिक सेवा वाहन जिसमें कोरोना संक्रमण की रोकथाम हेतु जागरूकता चित्रण है, उसे प्रचार-प्रसार के रूप में उपयोग में लाया गया। पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी के निर्देशन में आगे भी पुलिस थाना कैमोर एवं एसीसी कैमोर कंपनी के द्वारा संयुक्त प्रयास कर जरूरतमंद और निर्धनों की मदद जारी रखी जाएगी।

# संबल को मिल रहा सहयोग

**कैमोर पुलिस ने जरुरतमंदों को वितरित किया राशन, एसीसी की टीम भी सहयोग में जुटी**

**कटनी।** कोरोना संक्रमण काल में सभी विभागों के लोक सेवक तन्मयता के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन कर रहे हैं। इसमें पुलिस महकमा भी मुस्तैदी से अपने काम में जुटा हुआ है। कोरोना कर्फ्यू का सख्ती से पालन कराने की जवाबदेही इस महकमे की है।



अपने काम के साथ ही पुलिस विभाग अपनी नैतिक जिम्मेदारियों के निर्वहन में भी पीछे नहीं है। पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी ने कोरोना की इस विपदा के दौरान जनसहयोग के लिये मिशन संबल का प्रारंभ किया है। मिशन संबल के सार्थक चेहरे सामने आने लगे हैं। पुलिस का एक और किरदार लोगों के सामने उनके सहयोगी के रुप में सामने आया है। मिशन संबल सतत् रुप से जारी है। सोमवार को भी जिले के समस्त थानों द्वारा राशन एवं खाद्य सामग्री का वितरण असहाय एवं जरुरतमंदों को किया गया। कुठला थाना क्षेत्र में थाना प्रभारी विपिन सिंह के साथ उनकी टीम फील्ड पर उतरी और जरुरतमंदों के घरों पर पहुंचकर उन्हें राशन और खाद्य सामग्री के साथ ही मास्क का भी वितरण किया। पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रारंभ किये गये मिशन संबल में एसीसी कैमोर की टीम भी सहयोगी बनकर कैमोर थाना क्षेत्र में इस कार्य में जुटी हुई है। एसीसी की सीएचआर हेड श्रीमती एनेट ने बताया कि कंपनी द्वारा इस अभियान में प्रशासन के साथ कंधे से कंधा मिलाकर सहयोग किया जा रहा है। इस सामुदायिक सेवा के तहत खलवारा में लगभग 100 राशन के पैकेट्स का वितरण किया गया है, जो आगे भी जारी रहेगा।



# अस्पताल को दिए 5 फर्राटा पंखे

**महिला सशक्तिकरण मंच की सराहनीय पहल**

**कटनी।** कोविड-19 महामारी के दौरान जिला चिकित्सालय में भर्ती मरीजों को गर्मी के मौसम में हो रही परेशानियों को देखते हुए महिला सशक्तिकरण मंच की संरक्षक श्रीमती किरण पोद्दार धर्मपत्नी गिरिराज किशोर पोद्दार पूर्व विधायक द्वारा 5 फर्राटा पंखे जिला चिकित्सालय कटनी को प्रदान किए गए। इस अवसर पर सिविल सर्जन डॉ यशवंत वर्मा, हॉस्पिटल स्टाफ अधिवक्ता श्रीकांत पोद्दार की उपस्थिति रही।

# विजयराघवगढ़ पुलिस ने भी दिखाई सहृदयता

**विजयराघवगढ़।** वैश्विक कोरोना महामारी 19 के संक्रमण काल में आज जहां समूचा देश प्रभावित है, वही पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी के निर्देशन में विजयराघवगढ़ थाना प्रभारी सुधाकर बारस्कर द्वारा थाने के पुलिस बल व नगर रक्षा समिति के सदस्यों के साथ मिलकर ग्रामीण क्षेत्रों असहाय महिलाओं, निर्धन एवं जरूरतमंद गरीब व्यक्तियों को खाद्यान्न सामग्री का वितरण किया। इसी तर्ज पर नगर के वार्डो में पहुचकर गरीब असहाय व्यक्तियों को भी उनके घर घर पहुंचकर स सम्मान खाद्यान्न सामग्री एवं जरूरत की वस्तुएं प्रदान किया गया। इस अवसर पर एसआई आर एल चौधरी, मनसुख लाल साहू, सोमनाथ शर्मा, पप्पू प्रजापति, राजकुमार साहू, के के शुक्ला, मंजू कोल, गुड्डू मिश्रा, नेक सिंह, नरेंद्र तोमर, जयकुमार कोल, संजू कोल सहित समस्त स्टाफ की उपस्थिति रही।







# विगढ़ में बुजुर्ग दंपति ने दी कोरोना को मात

**विजयराघवगढ़।** कोरोना वायरस संक्रमण की दूसरी लहर का प्रकोप समूचे तहसील क्षेत्र के ग्रामीण इलाके में भी तेजी से फैल रहा है, वहीं तहसील मुख्यालय के शासकीय सिविल चिकित्सालय विजयराघवगढ़ में बने कोविड केयर सेंटर में ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी डॉ विनोद कुमार की मेहनत और लगन से क्षेत्र के अनेकों मरीज कोविड 19 को मात देकर वापस घर लौट रहे हैं। इसी क्रम में विजयराघवगढ़ नगर के वार्ड नंबर 13 के पूर्व पार्षद मोहम्मद शफीक ने बताया कि उनके पिता मोहम्मद रफीक 73 वर्ष एवं माता श्रीमती अमुरुनिशा 72 वर्ष जो विगत 14 दिन पूर्व कोरोना से संक्रमित होकर शासकीय चिकित्सालय में डॉक्टर विनोद से संपर्क कर एडमिट हो गए थे। जो लगातार डॉक्टर द्वारा बताए गए इलाज से आज कोरोना को मात देकर पूर्णता स्वस्थ होकर अपने निवास वापस लौट आए हैं।

### युवक से 200 ग्राम गांजा बरामद

**कटनी।** उमरियापान पुलिस ने खिरवा पौड़ी में कृष्णा उर्फ कृष्णाचंद लोधी को गांजा बेचते पकड़ा है। आरोपी के पास से 2 हजार रूपए कीमती 200 ग्राम गांजा बरामद किया गया है। अवैध रूप मादक पदार्थ गांजा कब्जे में रखे मिलने पर धारा 8,20 एनडीपीए एक्ट की कार्रवाई की है। उक्त कार्रवाई कार्यवाहक उपनिरीक्षक रविशंकर पाण्डेय ने की है।

**किराये से देना है**

सिंगल रूम अटैच- 3000 प्रतिव्यक्ति
सर्विस वालों एवं ऑफिस के लिए- 5000 दो व्यक्ति
पता- बीजेपी कार्यालय के सामने जबलपुर रोड
बरगवां कटनी (म.प्र.)
मो. 8109417340

**एम.जी.एम. स्कूल/कॉलेज ऑफ नर्सिंग**
Ph. : 07622 - 405074, Mob. 7771001902
Email. : mgmnursingkte@gmail.com | Website : mgmnursingcollege.com
जिले के सर्वप्रथम पोस्ट बेसिक BSc.नर्सिंग कॉलेज में प्रवेश प्रारंभ
विशेषतायें
डिप्लोमा जी.एन.एम. नर्सिंग उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को पोस्ट बेसिक BSc. डिग्री नर्सिंग कोर्स करने का सुनहरा अवसर दो वर्षो में BSc. नर्सिंग करें।

| क्र. | पाठ्यक्रम | अवधि | शैक्षणिक अर्हता |
|---|---|---|---|
| 1 | बी.एस.सी. (नर्सिंग) | 4 वर्ष | 12 वीं (बायोलॉजी) |
| 2 | जी.एन.एम. (नर्सिंग) | 3 वर्ष | 12 वीं |
| 3 | पोस्ट बेसिक बी.एस.सी.(नर्सिंग) | 2 वर्ष | GNM उत्तीर्ण |

छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति शासन द्वारा नियमानुसार प्रदान की जाती है
SC / ST/ OBC
छात्रावास एवं मेस (भोजन) की सुविधा
जिला अस्पताल कटनी, मनोरोग चिकित्सालय इंदौर में प्रशिक्षण
मान्यता प्राप्त - इण्डियन नर्सिंग काउसिल नई दिल्ली, म.प्र. चिकित्सा शिक्षा विभाग भोपाल, म.प्र. स्टेट नर्सिंग काउसिल भोपाल, म.प्र.मेडिकल यूनिवर्सिटी जबलपुर

# ताऊते का असर : आंधी के साथ झमाझम बारिश

## उमस भरी गर्मी से लोगों को मिली राहत, पौन घंटे की बेमौसम बारिश से तरबतर हुआ शहर



कटनी। ताऊते चक्रवात के असर से मौसम बदलने लगा है। रविवार के बाद सोमवार को भी सुबह से ही तेज धूप निकली रही। धूप की तपन लोगों के पसीने छुड़ा रही थी लेकिन दोपहर बाद अचानक मौसम ने करवट बदली और तेज आंधी के बाद झमाझम बारिश शुरु हो गई। इसके बाद मौसम पल-पल बदलता रहा। जिले में रविवार के बाद सोमवार को भी दोपहर से ही मौसम बदलने लगा। कभी तेज धूप निकलती तो कभी बादल छा जाते। शाम होते होते करीब 4 बजे तेज आंधी तूफान के साथ बारिश भी शुरू हो गई। जिससे उमस भरी गर्मी से लोगों को राहत मिली। करीब पौन घंटे तक बारिश होती रही। बहोरीबंद, स्लीमनाबाद समेत कई क्षेत्रों में बारिश हुई। गरम चमक के साथ हल्की बारिश होती रही। शाम को मौसम खुशनुमा हो गया। हल्की हवाएं चलने से लोग घरों से बाहर निकले। ढाई घंटे तक इस तरह का मौसम रहा।

### आज भी तेज हवा चलने व बिजली गिरने की चेतावनी

चक्रवाती तूफान ताऊते का असर गहराने लगा है। इसके चलते मौसम विभाग ने बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। वहीं गरज-चमक के साथ बिजली गिरने और तेज हवा चलने की चेतावनी देने के लिए यलो अलर्ट भी जारी किया है। इस दौरान हवा की रफ्तार 50 किमी प्रतिघंटा भी हो सकती है। इसके अलावा हल्की बौछारें भी पड़ सकती हैं। मौसम विभाग के अनुसार आगामी 48 घंटे तक अधिकतम तापमान में गिरावट दर्ज की जाएगी।

### 19 मई तक चलेंगी तेज हवाएं

मौसम विभाग के मुताबिक इस तूफान के कारण नमी आ रही है जिससे बादल बनने के साथ ही बारिश हो रही है। अगले दो दिनों यानी 19 मई तक कहीं-कहीं पर 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की संभावना है।

## सड़कें जलमग्न, निचले क्षेत्रों में भी भरा पानी

उधर मूसलाधार बारिश के कारण शहर की सड़के जलमग्न हो गई तो निचले क्षेत्रों में पानी भर गया। चांडक चौक से गर्ग चौराहा पहुंच मार्ग पर जालपा मढ़िया तिराहे से लेकर सांई बाबा मंदिर पर बारिश का पानी नदी की तरह सड़क पर बहता नजर आया और लोगों ने इसका वीडियो भी बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल किया। वहीं गायत्रीनगर क्षेत्र में भी श्रीराममंदिर के पास जलभराव से लोगों को परेशान होना पड़ा। इसके अलावा शहर के अधिकांश निचले क्षेत्रों में पानी भरने से लोगों को परेशानी हुई।



### बिजली गुल से परेशान हुए लोग

तेज हवाओं के साथ बारिश होने से शहर से लेकर गांव-गांव तक विद्युत व्यवस्था भी चरमरा गई। मौसम खुलने के घंटों बाद तक लोग बिजली आने का इंतजार करते रहे लेकिन विभागीय लचर व्यवस्था के चलते शाम तक लोगों को बिजली नहीं मिल सकी। लोग दोपहर से बिजली गुल होने के कारण परेशान रहे। हालांकि हवाएं चलने से लोगों ने थोड़ी राहत की सांस ली। मौसम विभाग की मानें तो इस समय मौसम में बदलाव होना मानसून पर असर कर सकता है। बैशाख के महीने में इस तरह का मौसम कम ही देखने को मिलता है और जेठ के महीने में मानसून से पहले बारिश होने के ज्यादा संभावना होती है। रीठी क्षेत्र में दोपहर में हल्की बारिश हुई और हल्की बारिश के बाद तेज हवाएं भी चलीं। वहीं विजयराघवगढ क्षेत्र में तेज आंधी चली। वहीं उमरियापान क्षेत्र में हल्की बारिश होने के साथ बादल छाए रहे।

## आंधी व तेज बारिश से चरमराई विद्युत व्यवस्था

### मेंटेनेंस पर उठे सवाल, देर रात तक समस्या से जूझते रहे शहर और गांव के लोग



**कटनी।** एक अंधड़ से ही बिजली महकमे की व्यवस्थाएं तहस-नहस हो जाती है। हर दिन लोगों को बिना बिजली के घंटों काटना होता है। शिकायत करने के बावजूद घंटों समस्या का निदान नहीं होता। बार-बार फोन पर संपर्क करना पड़ता है। बीते सोमवार को चली तेज हवा से कई जगह बिजली बंद हुई, लाइटन टूटी। जिन्हें सुधारने का काम देररात तक चलता रहा। दोपहर से लेकर देररात तक बिजली की आंख मिचौली कई इलाकों में चली। बिजली विभाग द्वारा मेंटेनेंस के नाम पर लाखों खर्च करने के बाद भी कोई सुधार नजर नहीं आ रहा है। जिसका खामियाजा उपभोक्ताओं को आय दिन बिजली गुल होने, बिजली ट्रिपिंग के नाम पर झेलना पड़ता है।

### न तार किए टाइट न पेड़ों की छटाई

जगह-जगह बिजली के तारों पर झूलते हुए पेड़ों की डगालों की छटाई नहीं की गई न ही कमजोर ढीले तारों को दुरस्त किया गया। जिसके कारण हवा तेज होने से पेड़ की डगालें टूट कर बिजली के तारों पर गिरने से लाइन फॉल्ट हो जाता है। यदि पहले यह तैयारी कर ली जाए तो बारिश में ज्यादा परेशानी नहीं उठानी पड़ेगी।

### कर्मचारियों की कमी भी परेशानी

बिजली महकमें का अधिकांश काम ठेका कर्मियों के भरोसे होता है। कई जगह 45 पार के कर्मचारियों को कंपनी ने अलग कर दिया है, ऐसे में अनुभवी कर्मचारी है नहीं। नए कर्मचारियों को कार्य का अनुभव नहीं होता है ऐसे में उन्हें लाइन का सुधार करने में वक्त लगता है। इधर कम अमला होने के कारण एक साथ शिकायत बढ़ने पर उन्हें देखना संभव नहीं हो पाता है। काम करने वाले कर्मचारियों के पास न तो आवश्यक ट्रेनिंग होती है न ही दक्षता प्रमाण पत्र। यही वजह है कि बिजली व्यवस्था बहाल होने में समय लग जाता है।

### लाकडाउन में बेहतर काम


लाकडाउन होने से चलते सड़कों पर आवागमन बंद है। बेहतर तरीके से मेंटेनेंस का काम किया जा सकता है लेकिन बिजली महकमें में कई कर्मचारियों और अधिकारियों के संक्रमित होने के बाद फील्ड अमला भी निकलने से डर रहे हैं।




## उमरियापान में शराब दुकान खुलने से बढ़ी चहल पहल

### सुराप्रेमी ऐसे टूट पड़े मानों रेमडेसीविर इंजेक्सन बिक रहे हों

**उमरियापान।** उमरियापान में कल दोपहर को शराब दुकानें खुलते ही अच्छी खासी चहल पहल देखने को मिली। शराब दुकानों में सुराप्रेमी ऐसे टूट पड़े, मानो कोरोना वायरस को खत्म करने वाली कोई दवा या रेमडेसीविर इंजेक्सन बिक रहे हों। वहीं प्रदेश सरकार या जिला कलेक्टर द्वारा ऐसा कोई भी आदेश जारी नहीं किया गया है की ग्रामीण क्षेत्रों में शराब दुकानें खोली जा सकती हैं। जबकि 16 मई को जिला कलेक्टर द्वारा जारी आदेश में स्पष्ट उल्लेख है की 24 मई तक शराब दुकानें सहित आम जनता की सभी दुकानें पूर्ण रूप से बंद रहेंगी। अचानक शराब दुकानें खुलने से ब्यापारियों में नाराजगी देखी जा रही है। ब्यापारियों का कहना है सरकार शराब दुकानें खुलवाकर और आम जनता की दुकानें बंद रखवाकर क्या साबित करना चाहती है अपनी मंशा जाहिर करे। हालांकि आज सुबह से ब्यापारियों और पुलिस की लुका छुपी का नजारा देखने लायक था। पुलिस के आते ही धड़ाधड़ शटरें बंद होती थीं तो पुलिस के जाते ही धड़ाधड़ शटरें खुल जाती थीं। खैर शराब दुकानें खुलने से नगर के मुख्य मार्केट झंडा चौक में शराब खरीदने वाले सुराप्रेमियों की अच्छी खासी चहल पहल देखने को मिली है। लेकिन सुराप्रेमियों के मन में अभी भी एक डर है की शराब खरीदने जाने पर पुलिस की तरफसे छूट रहेगी या कार्रवाई भी हो सकती है। या इस दौरान यह बताना होगा की शराब खरीदने जा रहे हैंए राजस्व वर्धक हैं तो पुलिस कोई कार्रवाई नहीं करेगीए स्पष्ट होना चाहिए।



## करंट की चपेट में आए बैल की मौत

**बरही।** तहसील क्षेत्र बरही के ग्राम करौदी खुर्द में करंट की चपेट में आने से एक मूक मवेशी की अकाल मौत हो गई। यह हादसा बिजली विभाग की लापरवाही से बीती रात घटित हुआ। जानकारी मुताबिक बिजली के खंबे में लगा स्टे मे दौड़ रहा बिजली का करेंटए जिसकी चपेट में आए बैल की मौके पर मौत हो गई। बताया गया है कि बैल करौदीखुर्द निवासी अच्छे लाल यादव का है। बिजली विभाग की इस घोर लापरवाही से कोई बड़ी अनहोनी होने से इनकार नहीं किया जा सकता।

## सुबह से ही शहर की सफाई में जुट रहे नगर निगम के स्वच्छता दूत



**कटनी।** कोरोना संक्रमण के प्रसार पर नियंत्रण हेतु निगम के स्वच्छता दूतों द्वारा नगर की सुचारू सफाई व्यवस्था के निरंतर प्रयास किये जा रहे हें। नगर में किसी भी माध्यम से संक्रमण का प्रसार न हो इस हेतु कलेक्टर एवं प्रशासक प्रियंक मिश्रा के निर्देश में दो पालियों की सफाई व्यवस्था के माध्यम से नगर की सफाई व्यवस्था के साथ ही, विभिन्न स्थलों के कचरे के प्वाइंटों की सफाई डोर टू डोर कचरे का संग्रहरण सहित पृथक वाहनों के माध्यम से कोविड सेंटर एवं चिकित्सालयों के मेडिकल वेस्ट की सफाई कीटनाशक छिडकाव आदि का कार्य रोजाना कराया जा रहा है। प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी नें बताया कि संक्रमण के प्रसार पर नियंत्रण हेतु विगत रात्रि नगरीय एवं उपनगरीय क्षेत्र माधवन नगर के विभिन्न मुख्य एवं अन्य मार्गो की सफाई सहित दिव्यांवल कोविड केयर सेंटर के मेडिकल वेस्ट की सफाई सहित नगर के अन्य सार्वजनिक स्थलों बस स्टेण्ड परिसर, ट्रांसपोर्ट नगर सब्जी मंडी सहित अन्य सब्जी व्यवसाय के चिन्हित स्थलों, मिशन चौक मुख्य मार्ग राजीव गांधी वार्ड मेन रोड, घंटाघर प्वाइंट, भीमराव चौक से विवेकानंद चौक के मुख्य मार्ग, श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड के बाजार क्षेत्र एवं अन्य सार्वजनिक गलियों सहित नदी पार सूर्या होटल से पन्ना मोड तथा बरगवां ओव्हर ब्रिज के पास के मुख्य मार्गो के डिवाईडर के दोनों ओर सफाई की जाकर कचरे के उठाव का कार्य किया गया। नगर की विभिन्न सार्वजनिक नाले-नालियों की सफाई व्यवस्था के तहत आज प्रातः पन्ना मोड गली नंबर 3 एवं 4 जालपा देवी वार्ड स्थित लल्लू रजक के घर के पास, कावस जी वार्ड भट्टा मोहल्ला स्थित वंशकार मलिन बस्ती सहित नगर के अन्य स्थलों के नाले एवं नालियों की सफाई का कार्य किया गया। निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे नें बताया कि निगम प्रशासन द्वारा कोरोना संक्रमण के प्रसार पर नियंत्रण हेतु नगर की सफाई व्यवस्था के साथ ही रोजाना सैनेटाईजेशन अभियान चलाया जा रहा है। कोरोना संक्रमण की चैन को तोडनें हेतु जिल प्रशासन के निर्देशन में कोविड प्रोटोकाल के साथ सब्जी मंडी का संचालन किया जाकर निगम कार्यालय में स्थापित कंट्रोल रूम के माध्यम से निकाय से संबंधित प्राप्त होनें वाली नागरिकों की शिकायतों का तत्काल निराकरण के प्रयास किये जा रहे है। निगमायुक्त श्री धाकरे ने नागरिकों से लॉकडाउन का पालन करते हुए घर पर ही सुरक्षित रहनें की अपील की है।



न्यूनतम मूल्य में पाएं अधिकतम लाभ

यश भारत

कलर क्लासीफाइड

| | | |
|---|---|---|
| 1 दिन | – | 150/– |
| 3 दिन | – | 250/– |
| 7 दिन | – | 500/– |
| 15 दिन | – | 1200/– |
| 30 दिन | – | 1800/– |

साईज– 5x1

आवश्यकता, खरीदना–बेचना
अपने व्यापार को बढ़ावा दें

बुकिंग हेतु संपर्क करें

यश भारत

कचहरी चौक, कटनी

फोन:– 07622–230033
Email :- katni@yashbharat.com

# अपने आपको सौभाग्यशाली मान रहे आक्सीजन एक्सप्रेस चलाने वाले लोको पायलट




## मीडिया के साथ साझा किए अनुभव

**कटनी।** रेलवे द्वारा देश भर के विभिन्न राज्यों में ऑक्सीजन एक्सप्रेस ट्रेनों को चलाने के प्रयासों को गति देते हुए कोविड के खिलाफ सयुंक्त जंग को मजबूती प्रदान कर रहा है। कोविड मरीजों को राहत देने के लिए जीवन रक्षक के रूप में तरल चिकित्सा ऑक्सीजन के परिवहन के लिए लगातार ऑक्सीजन एक्सप्रेस ट्रेन चलाई जा रही हैं। इसे रोल ऑन रोल ऑफ सेवा के तहत ऑक्सीजन टैंकरों को ट्रक के माध्यम से जल्द से जल्द उनके गंतव्य स्टेशन तक पहुंचाया जा रहा है। इस सुविधा के अंतर्गत देश भर के राज्यों को जहां ऑक्सीजन टैंक सीधे ऑक्सीजन आपूर्तिकर्ता फैक्ट्री से शीघ्रता शीघ्र अपने गंतव्य को पहुंच रहे हैं। न्यू कटनी जंक्शन में पदस्थ लोको पायलट सुभाष चन्द्र बताते है कि ऑक्सीजन एक्सप्रेस चलाने में मुझे बहुत खुशी हुई और चिकित्सालय में ऑक्सीजन की आपूर्ति होने से मरीजों को इलाज में कोविड संक्रमण के चलते उनके जीवन की रक्षा करने में मदद मिलेगी। उन्होंने ने बताया कि 2 टेंकरों में 22.26 मीट्रिक टन मेडिकल ऑक्सीजन लेकर आए और रास्ते में ग्रीन कॉरोडोर के तहत प्रत्येक स्टेशन पर ग्रीन सिग्नल मिला। कटनी से मकरोनिया तक बिना रुके निरंतर ऑक्सीजन एक्सप्रेस चलाकर मुझे बहुत खुशी मिली और अन्य रेल अधिकारियों एवं कर्मचारियों का पूरा सहयोग मिला, जिससे मुझे कोई परेशानी नहीं हुई। न्यू कटनी जंक्शन पर पदस्थ गार्ड एस एन विश्वकर्मा ने बताया कि ये मेरी दूसरी ऑक्सीजन एक्सप्रेस ले जाने का सौभाग्य मिला है। में अपने आप को सौभाग्यशाली मानता हूं कि मुझे ऑक्सीजन ले जाने का मौका मिला। मरीजों को जल्द से जल्द ऑक्सीजन की आपूर्ति हो सके, जिससे उनको इलाज में मदद मिल सके। इस दौरान उन्हें इस सेक्शन में सभी जगह ग्रीन सिग्नल मिले, जिससे कि वो ट्रेन की सुरक्षा उपायों को सुनिश्चित करते हुए परिचालन किया। इसके पहले मैंने न्यू कटनी से फरीदाबाद तक की सर्वाधिक दुरी ट्रेन चलाने का अनुभव प्राप्त किया था।

## आदित्य बिड़ला व्हाइट ने दिए 4 ऑक्सीजन कंसेन्ट्रेटर



अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड यूनिट बिरला व्हाइट झरेला सीएसआर के तहत कोरोना महामारी के चलते लोगों की सुरक्षा व बचाव को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर कार्यालय कटनी में 4 ऑक्सीजन कंसेन्ट्रेटर प्रदान किये, आगे और भी ऑक्सीजन कंसेन्ट्रेटर कंपनी द्वारा प्रदान किये जावेंगे। इस उपलक्ष्य में बिरला व्हाइट प्लांट प्रमुख अंजनी कुमार पांडेय, वाईस प्रेसीडेंट रमेश जैन, मानव संसाधन से राजीव रेज, मुकेश पटेल, अभिजीत कश्यप आदि उपस्थित रहे।

## 1800 को लगाई गई कोविड-19 वैक्सीन



**कटनी।** जिले में निर्धारित टीकाकरण केन्द्रों में कोविड-19 का वेक्सीनेशन कार्य किया गया। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. समीर सिंघई ने बताया कि जिले में 17 मई को 1800 लाभार्थियों का वेक्सीनेशन किया गया है। 45 वर्ष व उससे अधिक आयु के 186 व्यक्तियों को फर्स्ट डोज तथा 78 को सेकेण्ड डोज का वेक्सीन लगाया गया है। सीनियर सिटिजन्स में 60 वर्ष व उससे अधिक आयु वर्ग के 28 लाभार्थियों को फर्स्ट डोज तथा 17 को सेकेण्ड डोज का कोविड-19 का वेक्सीनेशन किया गया है। वहीं 2 को सेकेण्ड डोज का कोविड-19 वेक्सीनेशन किया गया है। साथ ही 31 फ्रंटलाईन वर्कर्स को फर्स्ट डोज तथा 1 को सेकेण्ड डोज का कोविड-19 टीका लगाया गया है। इसके साथ ही 18 से 44 आयुवर्ग के लाभार्थियों में 1457 को कोविड-19 वेक्सीन का फर्स्ट डोज भी लगाया गया है। जिला टीकाकरण अधिकारी ने अपील की है कि जिन लोगों के द्वारा टीकाकरण के लिये ऑनलाईन पंजीयन के माध्यम से स्लॉट बुक किया जाता है, यदि वे किन्ही कारणों से वेक्सीनेशन के लिये नहीं आ पा रहे हैं, तो वे बुक किये हुये स्लॉट को कैंसिंल कर दें। ताकि उस स्लॉट पर किसी अन्य व्यक्ति का वेक्सीनेशन किया जा सके।

## बच्चे ने ड्राइंग बनाकर दिया जागरुकता का संदेश



**कटनी।** चन्द्रशेखर आजाद वार्ड निवासी 8 वर्षीय विराट गौतम द्वारा कोरोना काल में खास पहल की जा रही है। अभिभावकों की मदद से लोगों को मास्क, सेनेटाइजर, साबुन बांटने के साथ-साथ भोजन के पैकेट बांटकर लोगों की मदद की गई। बच्चे ने ड्राइंग बनाकर कोरोना महामारी से बचने के लिए लोगों को जागरुकता का संदेश दिया।



## निगमायुक्त ने किया फिल्टर हाउस का निरीक्षण

**कटनी।** नगर निगम आयुक्त सत्येन्द्र धाकरे द्वारा जलप्रदाय कार्यपालन यंत्री शैलेष जायसवाल, प्रभारी कार्यपालन यंत्री राकेश शर्मा, उपयंत्री अश्विनी पाण्डेय, मृदुल श्रीवास्तव की उपस्थिति में कटायेघाट स्थित फिल्टर हाउस का निरीक्षण किया जाकर फिल्टर हाउस के माध्यम से नगर में की जाने वाली पेयजल सप्लाई की प्रक्रिया से अवगत होते हुए पेयजल सप्लाई को सुचारू बनाये रखने के निर्देश प्रदान किये गए।

## आरएसएस के स्वयं सेवकों ने किया रक्तदान

### कोरोना संकट के दौर में रक्तदान के प्रति दिया जागरूकता का संदेश




**कटनी।** कोरोना महामारी के इस दौर में, शासकीय जिला चिकित्सालय कटनी में रक्त की पूर्ति बनी रहे और युवा इस कठिन दौर में भी रक्तदान के प्रति प्रेरित हों, ऐसे जनजागरण की दृष्टि से आज राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जिला कटनी एवं सेवा भारती के स्वयंसेवकों के द्वारा स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर नई बस्ती कटनी में रक्तदान किया गया य उल्लेखनीय है कि वैक्सीनेशन के बाद एक निश्चित समय के लिए 18 वर्ष से ऊपर के व्यक्ति रक्तदान नहीं करते और वर्तमान समय में इस आयु वर्ग के व्यक्तियों का वैक्सीनेशन कार्य तेजी से प्रारंभ है, इस बाबत वैक्सीनेशन के पूर्व ही युवाओं में जनजागृति लाते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ एवं सेवा भारती के स्वयंसेवकों के द्वारा रक्तदान किया गया, इस समय जब हर व्यक्ति घर से निकलने में भी घबरा रहा है। ऐसे समय में भी स्वयंसेवक अपने स्वयं की भी चिंता करते हुए और समाज हित में कोरोना अनुशासन का पालन करते हुए रक्तदान शिविर में उत्साह पूर्वक भाग ले रहे हैं, शिविर प्रमुख ने बताया कि आयोजित रक्तदान शिविर में 20 यूनिट रक्त का दान किया गया और आगामी आवश्यकता की दृष्टि से स्वयंसेवकों की सूची भी रक्तगट सहित तैयार की गई, जो किसी भी तत्काल परिस्थिति में फोन आने पर रक्तदान कर सकते हैं, विदित है कि इसके पूर्व भी इसी माह कई स्वयंसेवकों ने जिला चिकित्सालय में जाकर के रक्तदान किया है और अपना प्लाज्मा भी डोनेट किया है। रक्तदान करने वालों में नीलेश विश्वकर्मा, सोनू भारती, जय संगतानी, दिनेश गुप्ता, प्रवीण मिश्रा, सुमित मिश्रा, विक्रम गुलवानी, सौरभ आरख, सुरेश यादव, बंदीप सेन सौरभ गुप्ता, आयुष बर्मन, अमन सोनी, सुशील पटेल, शुभम पुरवार, कुलदीप पांडेय, अनुराग सोनखरे, आयुष कुमार के साथ साथ मातृशक्ति सुश्री सपना पटले ने भी रक्तदान किया। इस अवसर पर संजय त्रिपाठी, किशोर ओचानी, लालचंद थारवानी, पंकज आरख, दीपक सोनी, आशीष गुप्ता, विकास राय, राजेश भास्कर, मनोज द्विवेदी ने उपस्थित रहकर सेवा कार्य में सहयोग किया। रक्तगट सूची नगर कार्यवाह नीलेश विश्वकर्मा के पास आवश्यकता पड़ने हेतु रहेगी। उपस्थित समस्त बंधुओं का सेवा भारती की ओर से प्रवीण मिश्रा, पंकज आरख ने धन्यवाद ज्ञापित किया।



## विधायक संजय पाठक ने लगवाई कोविड की दूसरी डोज

### जिले के नागरिकों से किया आग्रह, कोरोना से जीतना है जंग, तो टीकाकरण जरूर करवाएं

**कटनी।** शासन द्वारा कोविड-19 वेक्सीनेशन का कार्य सतत् रुप से जारी है। जिले में भी कोविड-19 टीकाकरण को लेकर नागरिकों में खासा उत्साह है। सोमवार को जिला अस्पताल के वेक्सीनेशन केन्द्र पर पूर्व मंत्री एवं विधायक संजय सत्येन्द्र पाठक पहुंचे। उन्होंने वेक्सीनेशन सेन्टर की व्यवस्थाओं का जायजा भी लिया। साथ ही कोविड-19 का दूसरा डोज भी विधायक संजय पाठक ने लगवाया। कोविड-19 वेक्सीनेशन के बाद विधायक संजय पाठक ने समस्त जिलेवासियों से स्वास्थ्य आग्रह भी किया। उन्होने आग्रह करते हुये कहा कि यदि कोरोना का वेक्सीन पुर्णतः सुरक्षित है। इसका कोई साईड इफेक्ट नहीं है। वेक्सीन को लेकर लोगों में किसी भी प्रकार का भ्रम नहीं होना चाहिये। कोविड-19 से बचाव के लिये वेक्सीनेशन बहुत जरुरी है। मैंने भी कोरोना से बचाव के लिये वेक्सीन का दूसरा डोज आज लगवाया है। आप सभी से आग्रह है कि आप भी बिना किसी भय के कोविड-19 का वेक्सीन जरुर लगवायें। इसी तरह बहोरीबंद सीएचसी के तहत आज से ही प्रारंभ किये गये 18 प्लस आयुवर्ग के लिये टीकाकरण केन्द्र में पहुंचकर बहोरीबंद विधायक प्रणय प्रभात पाण्डेय ने भी कोविड-19 वेक्सीन का पहला डोज लगवाया। उन्होने कहा कि वेक्सीनेशन पूर्णतः सुरक्षित है। कोरोना से बचने के लिये आप सभी वेक्सीन जरुर लगवायें। इससे ही हम इस जंग को जीत सकेंगे। कोरोना हारेगा, भारत जीतेगा।

## कोरोना पॉजीटिव मरीजों द्वारा गलत मोबाईल नंबर देने पर होगी कार्यवाही

**कटनी।**

कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने जिले में कोरोना पॉजीटिव आने वाले मरीजों के द्वारा गलत मोबाईल नंबर देने वालों के विरुद्ध कार्यवाही करने के निर्देश जारी किये हैं। इस संबंध में कलेक्टर श्री मिश्रा ने जिले के समस्त एसडीएम एवं इंसीडेन्ट कमाण्डर को आवश्यक कार्यवाही के लिये निर्देशित किया है। जारी निर्देशों के तहत सार्थक पोर्टल पर दर्ज कोरोना पॉजीटिव पेशेन्ट, जिनके द्वारा गलत मोबाईल नंबर दिया गया है, उनके विरुद्ध कार्यवाही किया जाना है। ऐसे व्यक्तियों की सूची प्रति दिवस वॉट्सएप ग्रुप में प्रदर्शित किये जायेंगे। निर्धारित संमंस प्रारुप में नोटिस जारी कर आरआरटी के माध्यम से परीक्षण उपरांत दण्डात्मक कार्यवाही सुनिश्चित करने के लिये निर्देशित किया गया है।

## सब्जी, किराना, फल एवं दूध दुकानों को खोलने के नए निर्देश



**कटनी।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट प्रियंक मिश्रा ने धारा 144 के तहत पूर्व में जारी आदेश में आंशिक संशोधन करते हुये संशोधित आदेश जारी किया है। इस आदेश के तहत पूर्व में जारी शेष आदेश यथावत रखे गये हैं। कलेक्टर श्री मिश्रा ने दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 क धार 144 में प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुये यह संशोधित आदेश जारी किया है। संशोधित आदेश में जिले के ग्रामीण क्षेत्र को वर्तमान में ग्रीन जोन कोरोना संक्रमित के शून्य केस, यलो जोन कोरोना संक्रमित के 1 से 5 केस एवं रेड जोन कोरोना संक्रमित के 5 से अधिक केस में वर्गीकृत किया जा रहा है। जिले की ऐसी ग्राम पंचायतों, नगर पंचायतों, नगर परिषद, नगर पालिका निगम क्षेत्र को छोड़कर जहां वर्तमान में ग्रीन जोन कोरोना संक्रमित के शून्य केस में हो, उस क्षेत्र में सब्जी, किराना, फल विक्रेता के थोक, फुटकर दुकान, दूध की दुकान निर्धारित समय के लिये खालने के लिये हॉट बाजार को छोड़कर संबंधित क्षेत्रीय अनुविभागीय अधिकारी राजस्व व इंसीडेन्ट कमाण्डर को अपने स्तर से निर्णय लेने के लिये अधिकृत किया गया है। इस संबंध में संबंधित अनुविभागीय अधिकारी राजस्व इंसीडेन्ट कमाण्डर द्वारा पृथक से आदेश जारी किया जायेगा।

## कटाएघाट मे दो एवं गाटरघाट में एक पोकलीन मशीन से हो रही सफाई

### निगमायुक्त ने घाट सफाई कार्य का निरीक्षण कर दिये आवश्यक निर्देश



**कटनी।** कटनी नदी की वर्तमान स्थिति को दृष्टिगत रखते हुए नदी के सिल्ट एवं अन्य अपशिष्ट की सफाई हेतु जिला कलेक्टर प्रियंक मिश्रा द्वारा कटनी नदी के कटायेघाट स्थित एनीकट के पास एवं गाटर घाट नदी स्थल की सफाई हेतु तीन पोकलीन मशीन माईनिंग विभाग के माध्यम से उपलब्ध कराई गई है। दो पोकलीन मशीन के माध्यम से कटाएघाट में तथा एक पोकलीन मशीन के माध्यम से गाटरघाट में जमा सिल्ट एवं अपशिष्ट आदि की सफाई की जाकर वाहनों के माध्यम से शिल्ट के उठाव का कार्य युद्धस्तर से कराया जा रहा है। निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे द्वारा कटाएघाट एवं गाटरघाट पहुंचकर पोकलीन मशीन के माध्यम से किये जा रहे घाट सफाई कार्य का निरीक्षण किया गया। गाटरघाट निरीक्षण के दौरान मशीनों के माध्यम से नदी में जमा सिल्ट की सफाई गुणवत्तापूर्ण तरीके से सरलता से हो सके इस हेतु गाटरघाट रेल्वे पुल के नीचे बने सीमेंट के प्लेटफार्म एवं नदी में लगी चोई की सफाई का कार्य निगम के स्वच्छता कर्मचारियों के माध्यम से कराने के निर्देश प्रदान किये जाकर नदी में जमा चोई की सफाई का कार्य कराया गया। प्रभारी कार्यपालन यंत्री जल प्रदाय विभाग शैलेष जायसवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला कलेक्टर प्रियंक मिश्रा एवं निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निर्देशन में तीन पोकलीन मशीन के माध्यम से नदियों की सफाई का कार्य युद्धस्तर पर कराया जा रहा है। इसके साथ ही नगर की पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित हो सके इस हेतु निगम प्रशासन द्वारा घिनौची पुल के पास भी जे.सी.बी मशीन के माध्यम से नदी में जमा सिल्ट को निकालकर पानी के बहाव को अनवरत रूप से कटाएघाट बैराज तक लाने के प्रयास कये जा रहे है। जिला कलेक्टर प्रियंक मिश्रा के निर्देशन एवं निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के मार्गदर्शन में पोकलीन मशीनों के माध्यम से कराये जा रहे नदी के घाटों की सफाई कार्य के तहत गाटरघाट की सिल्ट की सफाई उपरान्त नगर के अन्य घाटों मसुरहा घाट, मोहन घाट सहित अन्य घाटों की सफाई का कार्य कराया जावेगा।

# सिटी न्यूज

अभी मास्क भी वैक्सीन है



यश भारत 8

www.yashbharat.com    कटनी, मंगलवार 18 मई 2021    फोन- 230033


# कोरोना से राहत, अब ब्लेक फंगस की आफत

## जिले में मिला पहला केस, उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज जबलपुर रिफर

## कोरोना से ठीक हुए मरीजों पर बढ़ा खतरा, राज्य सरकार ने दी सावधानी बरतने की सलाह

**कटनी।** कोरोना संक्रमण से राहत मिलने के बाद अब जिले में ब्लैक फंगस की दहशत पैदा हो गई है। देश के साथ ही प्रदेश में ब्लैक फंगस के लगातार मामले सामने आने के बाद भी कटनी जिले में इससे निपटने के लिए अब तक कोई कदम नहीं उठाए गए हैं, जबकि जिले में ब्लैक फंगस का पहला केस भी मिल चुका है। ब्लेक फंगस का पहला मामला सामने आने के बाद मरीज को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज जबलपुर भेजा गया है। ब्लैक फंगस के मामले बढ़ने के बाद अब राज्य सरकार एक्टिव हुई है और सभी जिलों को इससे निपटने के लिए मुस्तैद रहने के लिए कहा जा रहा है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक विगत दिवस जिले में ब्लैक फंगस का एक केस सामने आया था। कोरोना से ठीक होने वाले ब्लैक फंगस की शिकायत मिल रही है। बताया जाता है कि इस मरीज को मेडिकल कॉलेज भेजा गया है, हालांकि उसकी स्थिति के बारे में अब तक जानकारी नहीं मिल पाई है। जानकारों के अनुसार ब्लैक फंगस का सबसे ज्यादा खतरा मधुमेह के मरीजों को है। अनियंत्रित मधुमेह वाले लोगों, स्टेरॉयड के इस्तेमाल से रोग प्रतिरोधक क्षमता कम हो जाने तथा लंबे समय तक वेंटिलेटर में रहने तथा वोरिकोनाजोल थेरेपी से इस ब्लैक फंगस का संक्रमण होता है। राज्य सरकार ने कोरोना मरीजों को सलाह दी है कि वे ब्लैक फंगस के लक्षणों पर नजर रखें तथा इसकी अनदेखी न करें। ब्लैक फंगस इंफेक्शन का पता लगाने के लिए जांच की भी सलाह दी गई है। साथ ही लक्षण होने पर चिकित्सक से परामर्श करने को कहा गया है। साथ ही इसके लक्षण मिलने पर स्टेरॉयड की मात्रा कम करने या इसे बंद करने का भी सुझाव दिया है। विशेषज्ञों का कहना है कि अधिक शुगर होने तथा स्टेरॉयड के अधिक उपयोग से यह समस्या आ रही है। यह समस्या युवाओं को भी हो रही है। मधुमेह से पीड़ित कोविड या पोस्ट कोविड मरीजों को आखं की पलक में सूजन, कम दिखना जैसा लक्षण हो तो तुरंत चिकित्सक से संपर्क करना चाहिए।

### ब्लैक फंगस से बचाव के लिए सावधानियां

ब्लैक फंगस से बचाव के लिए मरीजों को यह सावधानियां बरतना चाहिए। जिसमे संक्रमण अनियंत्रित मधुमेह अथवा डायबिटीज रोगी, पूर्व से उपचार पा रहे श्वसन अथवा गुर्दा रोग के रोगी, कैंसर, अंग प्रत्यारोपण या इम्युनोसप्रेसिव के रोगयिों में भी हो सकता है। समस्त कोविड संदिग्ध, पुष्ट रोगी अथवा डिस्चार्ज रोगियों में मधुमेह का उचित चिन्हांकन एवं नियंत्रण आवश्यक है। कोविड - 19 के उपचारित रोगी छुट्टी के बाद भी घर पर 4 से 6 सप्ताह तक नमक पानी के गरारे एवं नाक साफ करते रहें। राज्य सरकार द्वारा ब्लैक फंगस के उपचार के लिए प्रदेश के भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर और रीवा चिकित्सा महाविद्यालयों में इकाईयों का गठन किया गया है। इनमे मेडिसिन विभाग, नेत्र विभाग, न्यूरो सर्जरी विभाग एवं नाक, कान गला विभाग के विशेषज्ञ शामिल है।



### एक त्वचा से शुरू होकर शरीर के अन्य भागों में फैलता

किसी मरीज में संक्रमण सिर्फ एक त्वचा से शुरू होता है लेकिन यह शरीर के अन्य भागों में फैल सकता है। उपचार में सभी मृत और संक्रमित ऊतक को हटाने के लिए सर्जरी की जाती है। कुछ मरीजों में के ऊपरी जबड़े या कभी-कभी आंख निकालना पड़ जाता है। इलाज में एंटी फंगल थेरेपी का चार से छह सप्ताह का कोर्स भी शामिल हो सकता है, चूंकि यह शरीर के विभिन्न हिस्सों को प्रभावित करता है, इसलिए इसके उपचार के लिए फीजिशियन के अलावा, न्यूरोलॉजिस्ट, ईएनटी विशेषज्ञ, नेत्र रोग विशेषज्ञ, दंत चिकित्सक, सर्जन की टीम जरूरी है।

### ब्लैक फंगस के लक्षण

नाक, मुख और आंख आदि से काले कण अथवा काला रिसाव। नाक बंद होना। नाक के आसपास गालों की हड्डियों में दर्द। चेहरे में दर्द, सुन्नपन और सूजन। लगातार सिरदर्द। दांतों में दर्द, जड़ों से हिलना, जबड़े में दर्द। आंखों और नाक के आसपास दर्द, लालपन। बुखार आना। शरीर में नील पड़ना। सीने में दर्द, सांस लेने मं दर्द। फेफड़ों में पानी आना। खून की उल्टी होना। मुंह से बदबू आना। मानसिक भ्रम होना शामिल है।

### क्या कहते हैं एपिडेमियोलॉजिस्ट

मधुमेह से गंभीर रूप से पीड़ित मरीजों में ब्लैक फंगस का खतरा हो सकता है। इससे बचने के लिए शुगर नियंत्रण में रखने का प्रयास होना चाहिए। स्टेरॉयड के अलावा कोरोना की कुछ दवाओं का उपयोग मरीज की प्रतिरक्षा प्रणाली पर असर डालता है। जब इन दवाओं का उचित उपयोग नहीं किया जाता है तो यह ब्लैक फंगस के खतरे को बढ़ा देता है, क्योंकि मरीज की प्रतिरक्षा प्रणाली फंगल संक्रमण से लड़ने में विफल रहती है। कोरोना से उबरने के बाद लोगों को इसे लक्षण पर कड़ी निगरानी रखनी चाहिए। इससे से बचने के लिए डॉक्टर की सलाह के अनुसार स्टेरॉयड का विवेकपूर्ण उपयोग करना चाहिए। बीमारी का जल्द पता लगने से इसके संक्रमण के उपचार में आसानी हो सकती है।

### इनका कहना है

जिले में ब्लैक फंगस का पहला केस पिछले दिनों मिला था। मरीज को मेडिकल कॉलेज भेजा गया है। राज्य सरकार की गाइडलाइन के अनुसार ब्लैक फंगस के मरीज का इलाज मेडिकल कॉलेज में ही हो सकता है। जिले में ब्लैक फंगस की रोकथाम के प्रयास किए जा रहे हैं और कोरोना से ठीक होने वाले मरीजों से सतर्कता बरतने के लिए कहा जा रहा है।

डॉ. प्रदीप मुढ़िया, सीएमएचओ

# खरीदी केन्द्रों में भीगा हजारों क्विंटल गेहूं

## भंडारण व परिवहन में सामने आई विभागीय लापरवाही

**कटनी।** ताऊते तूफान की वजह से पिछले दो तीन दिनों से हो रही बारिश तथा कल सोमवार की दोपहर हुई मूसला धार बारिश से जिले के गेहूं खरीदी केन्द्रों में खरीदी के बाद परिवहन व भंडारण के अभाव में खुले में पड़ा हजारों क्विंटल गेहूं भी भीग गया। किसानों की मेहनत से कमाई गेहूं की समर्थन मूल्य पर खरीदी के बाद सुरक्षित भंडारण में लापरवाही के बाद गेहूं के खराब होने की बात कही जा रही है। बताया जाता है कि जिले के अधिकांश गेहूं खरीदी केन्द्रों में किसानों से खरीदा गया गेहूं परिवहन व भंडारण के अभाव में खुले में पड़ा हुआ है। जिसे बेमौसम बारिश से बचाने के इंतजाम भी जिम्मेदार विभाग द्वारा नहीं किए गए। जिसका परिणाम है कि कल सोमवार की दोपहर बाद हुई बारिश में केन्द्रों में खुले में पड़ा हजारों क्विंटल गेहूं बारिश में भीग गया। रीठी स्थित समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी केंद्र में बारिश से हजारों क्विंटल गेहूं भीग गया। इस केंद्र में 20 हजार क्विंटल से ज्यादा गेहूं रखा गया था। खरीदी केंद्र प्रभारी अरविंद चनपुरिया ने बताया कि अचानक बारिश के बाद गेहूं को सुरक्षित नहीं किया जा सका। जिलेभर में हुई बारिश के बाद गेहूं की समर्थन मूल्य में खरीद के बाद सुरक्षित भंडारण में प्रशासन की बड़ी लापरवाही सामने आई है। जिलेभर के बरही तहसील के बरही सहित पिपरिया कला, बगैहा, करेला, उबरा, सिनगौड़ी, पड़रिया व रीठी विकासखंड के रीठी सहित मोहास, तिलगवां व देवगांव सहित अलग-अलग गेहूं खरीदी केंद्रों में हजारों क्विंटल गेहूं भीग गया।



### बारिश के पानी में भीगा गेहूं, खरीदी प्रभारी को नोटिस, कन्हवारा खरीदी केन्द्र पहुंचे एसडीएम तो मिली लापरवाही

जिले में गेहूं उपार्जन का कार्य जारी है। कलेक्टर प्रियंक मिश्रा के निर्देश पर सतत् रुप से अपने-अपने क्षेत्रों में एसडीएम द्वारा खरीदी केन्द्रों का निरीक्षण किया जा रहा है। साथ ही आवश्यक दिशा-निर्देश भी कार्य में संलग्न अमले को दिये जा रहे हैं। एसडीएम बलबीर रमन द्वारा कन्हवारा खरीदी केन्द्र का आकस्मिक रुप से निरीक्षण किया गया। इस दौरान 125 बोरी गेहूं बारिश के कारण खराब होने पर खरीदी प्रभारी को एसडीएम ने नोटिस जारी करने के आदेश जारी किये हैं। एसडीएम विजयराघवगढ़ प्रिया चन्द्रावत द्वारा भी खरीदी केन्द्र विजयराघवगढ़ का विजिट किया गया। वहीं अन्य तहसीदारों द्वारा अपने-अपने क्षेत्र में खरीदी केन्द्रों का निरीक्षण कर उपार्जन कार्य का जायजा लिया। साथ ही आवश्यक दिशा-निर्देश भी खरीदी केन्द्रों के प्रभारियों को दिये गये।



# नेमा पैथो क्लीनिक के खिलाफ दर्ज हुआ मामला

### गलत रिपोर्ट बनाकर रुपयों की कर रहा था मांग, एसपी से शिकायत पर कार्रवाई

**कटनी।** रुपयों की लालच में लोग आपदा को अवसर में कैसे बदलते हैं एक और दुस्साहस का मामला सामने आया है। इस पर कोतवाली पुलिस ने आरोपी नेमा पैथो क्लीनिक के अनिल सोनी के खिलाफ एफआइआर दर्ज की है। पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी से हुई शिकायत के बाद कार्रवाई की गई है। कोतवाली टीआइ विजय विश्वकर्मा ने बताया कि सोमवार को वीरेंद्र कुमार तिवारी निवासी सिंघबाबा कॉलोनी संतनगर नई बस्ती ने शिकायत दर्ज कराई कि 12 मई को अपना परिवार का स्वास्थ्य बीमा करवाने के लिए गया। नेमा पैथो क्लीनिक के अनिल सोनी द्वारा गलत जांच रिपोर्ट बनाकर आवेदक को हृदय रोग से ग्रसित होना बताया। हेल्थ बीमा कंपनी को सही रिपोर्ट भेजने के एवज में 1500 रुपये की मांग की। इस पर अनिल सोनी के खिलाफ धारा 384, 417, 420 के तहत एफआइआर दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया गया है।

# अवैध वसूली के आरोप में एसआई व एएसआई लाइन अटैच

**कटनी।** लॉकडाउन के दौरान लोगों की मदद करने की बजाय लोगों को वर्दी का रौब दिखाकर अवैध वसूली करने के आरोप में पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी ने स्लीमनाबाद थाने में पदस्थ एक उपनिरीक्षक व एक सहायक उपनिरीक्षक को लाइन अटैच कर दिया है। इस संबंध में भाजपा मंडल अध्यक्ष सुनील रतन गुप्ता ने पुलिस अधीक्षक को एक शिकायत दी थी। जिसमें स्लीमनाबाद थाने में पदस्थ सीताराम बागरी व सहायक उपनिरीक्षक कोदूलाल दाहिया पर धारा 188 के तहत कार्रवाई करने की धौंस देकर लोगों से अवैध वसूली करने का आरोप लगाया था। जिसके बाद एसपी श्री अवस्थी ने शिकायत को गंभीरता से लिया और जांच कराकर दोनों पुलिसकर्मियों को लाइन अटैच करने के आदेश दिए।

## दद्दा जी की प्रथम पुण्यतिथि, शिष्यों ने किया पुण्य स्मरण



गृहस्थ संत पंडित देवप्रभाकर शास्त्री दद्दा जी की आज प्रथम पुण्यतिथि है। आज ही के दिन एक साल पहले पूज्य गुरुदेव ब्रह्मलीन हुए थे। दद्दा जी की प्रथम पुण्यतिथि के अवसर पर विधायक संजय सत्येंद्र पाठक सहित बड़ी संख्या में उपस्थित शिष्यों ने दद्दाधाम पहुंचकर पूज्य गुरुदेव पंडित देव प्रभाकर शास्त्री दद्दा जी की समाधि स्थल पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

# 989 की सेम्पलिंग, 80 नए पॉजीटिव केस, 8 प्रतिशत संक्रमण दर

### कोरोना से हर दिन मिल रही राहत, 113 मरीज ठीक हुए 24 घंटे में

**कटनी।** जिले में कोरोना संक्रमण का असर अब कुछ कम देखने को मिल रहा है। पॉजीटिविटी रेट भी 8 प्रतिशत पर आकर स्थित हो गया है। अब हर दिन इसी दर के हिसाब से संक्रमित मरीज सामने आ रहे हैं। प्रदेश के साथ ही कटनी जिले में भी संक्रमित मरीजों की संख्या में कमी देखने को मिल रही है। मई का महीना शुरू होनेके बाद से ही पॉजीटिव के सकम आ रहे हैं। अप्रैल में कोरोना संक्रमण बढ़ने के बाद जिले में लागू किए गए लॉकडाउन का फायदा अब मिलता हुआ दिख रहा है। इस दौरान लोगों ने भी संक्रमण से बचाव के लिए सावधानियां बरती, जिसके चलते संक्रमण की दर में गिरावट देखने को मिली है।

### 80 लोगों में संक्रमण की पुष्टि

जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. समीर सिंघई ने बताया कि पिछले 24 घंटे में 989 सेम्पल की रिपोर्ट में 80 नए पॉजीटिव केस मिले हैं। जिसमे मेडिकल कॉलेज जबलपुर से मिली 494 सेम्पल की रिपोर्ट में 45 और रेडिन एंटीजन टेस्ट की 495 सेम्पल की रिपोर्ट में 35 लोगों में संक्रमण की पुष्टि हुई है। इस तरह जिले में संक्रमण की दर 8 प्रतिशत है।

### 900 लोगों की हर दिन जांच

कोरोना संक्रमण से राहत मिलने के बाद अब हर दिन करीब 900 लोगों की टेस्टिंग की जा रही है। जैन स्कूल में बनाए गए कोविड जांच केन्द्र और जिला चिकित्सालय में भर्ती होने वाले मरीजों की रेपिड एंटीजन किट से तो ग्रामीण क्षेत्रों में आरटी-पीसीआर से कोरोना के संदिग्ध मरीजों की जांच की जा रही है। सोमवार को जहां 909 लोगों की रिपोर्ट स्वास्थ्य विभाग को मिली थी तो वहीं आज 989 सेम्पल की रिपोर्ट सामने आई है। इसमे संक्रमण की दर 8 प्रतिशत है।

### 9 हजार को पार गई कुल संक्रमित मरीजों की संख्या

पिछले साल मई के महीने में पहला केस मिलने के बाद से लेकर अब जिले में कुल संक्रमित मरीजों की संख्या 9 हजार को पार कर गई है। 80 नए पॉजीटिव केस को मिलाकर अब 9076 केस हो गए हैं। इसमे से 8133 मरीज स्वस्थ हो चुके हैं। जबकि पिछले 24 घंटे में 113 मरीजों ने कोरोना संक्रमण को मात दी है। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. समीर सिंघई ने बताया कि जिले में एक्टिव केस 864 हैं। जिसमे से 88 मरीज जिला चिकित्सालय एवं कोविड केयर सेंटर व 79 मरीज प्राईवेट हॉस्पिटल में उपचाररत हैं। 697 मरीजों को होम आईसोलेशन पर रखकर मॉनीटरिंग की जा रही है।

# दूसरे दिन भी जरूरतमंदों के पास पहुंची पुलिस, खाद्यान्न पाकर खिले लोगों के चेहरे







**कटनी।** खाद्यान व किराना सामग्री के जब पैकेट जरुरतमंदों को मिले तो उनके चेहरे खिले उठे। सैकड़ों लोगों की मदद पुलिस पिछले दो दिनों से कर रही है। सोमवार को पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी द्वारा स्टेशन चोराहे में गरीबजनों को खाद्यान्न समाग्री वितरण किया गया। सामाजिक दूरी का पालन कराते हुए लगभग 300 लोगों को खाद्यान वितरित किया गया। इस दौरान एसपी ने कहा कि पुलिस आपकी मदद के लिए तत्पर है। हमें संक्रमण से बचना है। कोरोना कर्फ्यू का पालन करें। इस अवसर पर नगर पुलिस अधीक्षक शशिकांत शुक्ला, कोतवाली थाना प्रभारी विजय विश्कर्मा, कुठला थाना प्रभारी विपिन सिंह, रंगनाथ थाना प्रभारी नितिन कमल, यातयात प्रभारी विनोद दुबे, एसआई अंकित मिश्रा, उमेश दुबे, मोनिका खडसे, एएसआई शशिभूषण दुबे सहित सभी थाना क्षेत्र का स्टॉफ मौजूद रहा। खाद्यान की व्यवस्था यातयात पुलिस द्वारा की गई।

### मिशन संबल योजना के तहत पुलिस की पहल की सराहना

### स्टेशन में भी हुई पहल

मुक्तिधाम जन सेवा समिति नई कटनी जंक्शन मध्य प्रदेश के तत्वधान में रेलवे स्टेशन कटनी में समस्त कुलियों को स्टेशन प्रबंधक संजय कुमार दुबे एवं समिति के सदस्यों ने राशन के पैकेट बांटे। अध्यक्ष अशोक कुमार पाठक, मनोज गोस्वामी, वेस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर संघ जबलपुर मंडल के अध्यक्ष एस एन शुक्ला, सीटीआई कैलाश रजक आदि रहे मौजूद।

# मोबाइल पर गाना सुनते युवक पर गिरी गाज

### गैस सिलेंडर लिए साइकल से गिरे वृद्ध की मौत



**कटनी।** सोमवार दोपहर तेज आंधी और बादलों की गरज के साथ हुई बारिश के बीच आकाशीय बिजली गिरने से एक युवक की मौत हो गई है। मामला एनकेजे थाना क्षेत्र के ग्राम जुहली का है। जहां 30 वर्षीय जिनेश तिवारी पिता प्रकाश तिवारी घर की छत पर मोबाइल में गाना सुन रहा था। तभी अचानक मौसम बदला और आकाशीय बिजली गिरने के कारण युवक की मौत हो गई। आकाशीय बिजली गिरने के कारण घर भी क्षतिग्रस्त हो गया है। वहीं रीठी थाना क्षेत्र के खमरिया निवासी दुर्जन लहंगेर रसोई गैस भरवाने के लिए रीठी आए थे। गैस भरवाने के बाद साइकिल से खड़े खड़े अचानक गिरे और उनकी तुरंत मौत हो गई। घटनाओं की सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर आवश्यक कार्रवाई करते हुए शव को अपने कब्जे में लिया और पीएम कराते हुए मर्ग कायम कर मामलों को जांच में लिया है।









स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी*। फोन (07622) 406666, 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333, 2646666 फैक्स (0761) 4084085 डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/19-21 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)